अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन आज से

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोवा में दूसरे इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) का उद्घाटन करेंगे, 17 देशों के मंत्री होंगे शामिल

शुभायन चक्रवर्ती

गोवा को सौगात

- नाइजीरिया, लीबिया, सूडान और घाना समेत 17 तेल उत्पादक देशों के ऊर्जा मंत्री होंगे शामिल
- वैश्विक तेल मांग में भारत की हिस्सेदारी अभी 5%, जिसके 11% तक बढ़ने की संभावना
- सम्मेलन में 100 से अधिक देशों से 35,000 प्रतिभागियों, 350 प्रदर्शकों, 400 वक्ताओं और 4,000 प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद
- इस सम्मेलन से भारत वैश्विक मंच पर ऊर्जा क्षेत्र के लिए नीति निर्धारक की भूमिका में मजबूत होकर उभरेगा
- गोवा में 1,330 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दूसरे इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) का उद्घाटन करेंगे। इस सम्मेलन में नाइजीरिया, लीबिया, सूडान और घाना समेत 17 प्रमुख तेल उत्पादक देशों के ऊर्जा मंत्री शामिल होंगे। सम्मेलन का आयोजन करने वाले पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री वैश्विक तेल और गैस कंपनियों के सीईओ एवं विशेषज्ञों से भी मुलाकात करेंगे। इस बैठक में सऊदी अरब की अरामको और रूस की रोसनेफ्ट जैसी बड़ी कंपनियों के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

पिछले साल आयोजित इंडिया एनर्जी वीक सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत हरित परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन उसे तेल और गैस जैसे पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्र में भी भारी निवेश करने की आवश्यकता है।

मंत्रालय ने बताया कि इंडिया एनर्जी वीक में नियामकीय संस्थाओं, नवीकरणीय और वैकल्पिक ईंधन संगठनों और कंपनियों के अधिकारियों के साथ-साथ नीति शोधकर्ता एवं परामर्शदाता वक्ता के रूप में सम्मिलित होंगे। इनमें पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन के महासचिव हैथन अल घाइस भी शामिल हैं। सम्मेलन में प्रमुख जोर स्थिरता पर होगा। इसलिए इस सम्मेलन में वैश्विक नीति निर्धारक सतत ऊर्जा के भविष्य पर विचार-विमर्श करेंगे।

केंद्र सरकार को उम्मीद है कि इस सम्मेलन से भारत वैश्विक मंच पर ऊर्जा क्षेत्र के लिए नीति निर्धारक की भूमिका में मजबूत होकर उभरेगा। वैश्विक तेल मांग में भारत की हिस्सेदारी 5 प्रतिशत है जिसके 11 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है। भारत की गैस मांग तो 500 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है। इस सम्मेलन में 100 से अधिक देशों से लगभग 35,000 प्रतिभागियों, 350 प्रदर्शकों, 400 वक्ताओं और 4,000 प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। यह कार्यक्रम गोवा में आयोजित होगा, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस मौके पर वह विकसित भारत, विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम के तहत लगभग 1,330 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। प्रधानमंत्री यहां नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वाटरस्पोर्ट्स के नए परिसर का भी उद्घाटन करेंगे। यह अपने तरह का अनूठा संस्थान होगा, जिसमें आम लोगों और सैन्य बलों के लिए वाटरस्पोर्ट्स एवं बचाव गतिविधियों के विकास से संबंधित 28 पाठ्यक्रम संचालित होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी नए ओएनजीसी समुद्रीय बचाव केंद्र का दौरा भी कर सकते हैं। कंपनी ने बताया कि यह अपने तरह का संयुक्त सी सर्वाइवल ट्रेनिंग सेंटर है। इससे देश में वैश्विक मानकों वाला समुद्री सर्वाइवल ट्रेनिंग पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में मदद मिलेगी।

इस संस्थान में प्रति वर्ष 10,000 से 15,000 जवान प्रशिक्षण ले सकेंगे। इससे इन जवानों में समुद्र में बचाव अभियान चलाने का कौशल बढ़ेगा और वे संकट की स्थिति में जानें बचाने में सक्षम हो सकेंगे।

चंपाई ने विश्वास मत हासिल किया

चंपाई सोरेन, मुख्यमंत्री

झारखंड में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन सरकार ने सोमवार को विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लिया। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधायकों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया जबकि 29 विधायकों ने इसके खिलाफ मतदान किया। निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। विधानसभा में मतदान के दौरान 77 विधायक उपस्थित रहे।

झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सत्तारूढ़ गठबंधन को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (लिबरेशन) के इकलौते विधायक ने बाहर से समर्थन दिया। भाजपा नीत विपक्षी गठबंधन में भाजपा के 26 और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के 3 विधायक हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में पिछले सप्ताह हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो के विधायक दल के नेता चंपाई सोरेन ने 2 फरवरी को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। चंपाई सोरेन को सदन में अपनी सरकार का बहुमत साबित करने के लिए 10 दिन का वक्त दिया गया। हेमंत सोरेन अभी ईडी की हिरासत में हैं। उन्हें विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने विश्वास मत में हिस्सा लेने की अनुमति दी थी। सत्तारूढ़ गठबंधन के करीब 38 विधायक विश्वास मत के मद्देनजर भाजपा द्वारा 'खरीद-फरोख्त' की आशंका के बीच 2 फरवरी को दो विमानों से कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद ले जाए गए थे। वे विश्वास मत से पहले रविवार शाम को रांची लौटे थे। **भाषा**

राजग को 400 से ज्यादा सीटें देगा देश: मोदी

पृष्ठ 1 का शेष

मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने ओबीसी के साथ अन्याय किया है, उसने अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) के नेताओं का अपमान करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दिनों कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की, जिन्हें 1987 में नेता प्रतिपक्ष के रूप में स्वीकार करने से कांग्रेस ने मना कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग चिंता जताते हैं कि मोदी सरकार में कितने पदों पर ओबीसी के लोग बैठे हैं। मोदी ने अपनी ओर इशारा करते हुए कहा, 'उन्हें सबसे बड़ा ओबीसी नजर नहीं आता। कहां आंखें बंद करके बैठ जाते हैं।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर किसी परिवार के दस लोग भी अपनी योग्यता से राजनीति में आते हैं तो वह उनका स्वागत करेंगे। मोदी ने कहा, 'नई पीढ़ी के अच्छे लोग आएं, स्वागत योग्य है। हम एक ही पार्टी को परिवार द्वारा चलाए जाने, परिवार के लोगों को प्राथमिकता देने, परिवार के लोगों द्वारा ही सारे निर्णय लिए जाने को परिवारवाद कहते हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है।' उन्होंने विपक्षी गठबंधन की ओर इशारा करते हुए कहा, 'कुछ दिन पहले भानुमती का कुनबा जोड़ा गया, लेकिन फिर 'एकला चलो रे' करने लग गए। कांग्रेस के लोगों ने नया-नया मोटर मैकेनिक का काम सीखा है और इसलिए अलाइनमेंट का ज्ञान तो उन्हें हो गया होगा, लेकिन मैं देख रहा हूं कि अलायंस का ही अलाइनमेंट बिगड़ गया।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हम देश के तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की बात करते हैं तो कांग्रेस के साथी मजाक बनाते हैं। उन्होंने कहा, 'यह मोदी की गारंटी है। मेरे तीसरे कार्यकाल में देश दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा।' मोदी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा, 'हमने गरीबों के लिए 4 करोड़ घर बनाए और शहरी गरीबों के लिए 80 लाख घर बनाए। कांग्रेस की रफ्तार से ये आवास बनते तो 100 साल लगते और पांच पीढ़ियां गुजर जातीं। हमने दस वर्ष में 40,000 किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया। कांग्रेस की रफ्तार से देश चलता तो इस काम को करने में 80 साल लग जाते। चार पीढ़ियां गुजर जातीं।'

मोदी ने प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक भाषण का हवाला देते हुए कहा कि वह मानते थे कि देश के लोग आलसी हैं और उनमें दूसरे देशों के नागरिकों के मुकाबले कम अक्ल है। मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक बार कहा था कि दुर्भाग्यवश हमारी आदत यह है कि जब कोई शुभ काम पूरा होने को होता है तो हम आत्मतुष्टि की भावना से ग्रस्त हो जाते हैं और कठिनाई आने पर नाउम्मीद हो जाते हैं। कभी तो ऐसा लगने लगता है कि पूरे राष्ट्र ने पराजय भावना को अपना लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज कांग्रेस के लोगों को देखकर लगता है कि इंदिरा जी देश के लोगों का सही मूल्यांकन नहीं कर पाईं, लेकिन कांग्रेस का सही आकलन उन्होंने किया था।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पहले कार्यकाल में संप्रग के समय के 'गड्ढे भरने में' समय और शक्ति लगाई, दूसरे कार्यकाल में नए भारत की नींव रखी और तीसरे कार्यकाल में विकसित भारत के निर्माण को नई गति देंगे। उन्होंने पहले कार्यकाल में लागू स्वच्छ भारत, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुगम्य भारत, डिजिटल इंडिया जैसी अनेक योजनाएं भी गिनाईं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल में देश ने अनुच्छेद 370 खत्म होते हुए देखा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होते देखा, अंतरिक्ष से ओलिंपिक तक एवं सशस्त्र बलों से संसद तक नारी शक्ति के सामर्थ्य की गूंज देखी। उत्तर से दक्षिण तक, पूरब से पश्चिम तक लोगों ने दशकों से अटकी, भटकी, लटकी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा होते देखा। अंग्रेजी शासन के पुराने दंड प्रधान कानूनों से हटकर न्याय संहिता तक प्रगति की। हमारी सरकार ने सैकड़ों ऐसे कानूनों को समाप्त किया, जो अप्रासंगिक हो गए थे।'

पेपर लीक पर विधेयक पेश

सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और अनियमितताओं से सख्ती से निपटने के प्रावधान वाला 'लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024' सोमवार को लोकसभा में पेश किया। विधेयक में परीक्षाओं में अनियमितताओं से संबंधित अपराध के लिए अधिकतम 10 साल तक की जेल और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल में इस विधेयक को मंजूरी दी थी। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को सदन में इसे पेश किया। सूत्रों ने बताया कि इस विधेयक में छात्रों को निशाना नहीं बनाया जाएगा, बल्कि इसमें संगठित अपराध, माफिया और साठगांठ में शामिल पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है। विधेयक में एक उच्च-स्तरीय तकनीकी समिति के गठन का भी प्रस्ताव है, जो कंप्यूटर के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए सिफारिशें करेगी। **भाषा**

10 मई से पहले हटेंगे भारतीय सैनिक: मुइज्जू

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को कहा कि देश से भारतीय सैनिकों का पहला समूह 10 मार्च से पहले जबकि दो विमानन प्लेटफॉर्म पर तैनात शेष भारतीय सैनिकों को 10 मई तक वापस भेज दिया जाएगा। **भाषा**

78 फीसदी नो फ्लाई सूची में

दीपक पटेल

नो-फ्लाई सूची में उद्दंड यात्रियों की संख्या साल 2022 के मुकाबले साल 2023 में 78 फीसदी बढ़कर 247 हो गई। नागर विमानन राज्यमंत्री वीके सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में यह जानकारी दी।

सिंह ने कहा कि जब कोई यात्री हवाई यात्रा के दौरान विमान के भीतर बुरा बर्ताव करता है तो नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के नियमों के अनुसार घटना की जांच विमानन कंपनी की आंतरिक समिति करती है और यह निर्णय लेती है कि यात्री को कितनी अवधि तक हवाई यात्रा करने पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। आंतरिक समिति की सिफारिशों पर डीजीसीए यात्री को निर्धारित अवधि तक नो-फ्लाई सूची में डालता है।

पिछले महीने दिल्ली में कोहरे के कारण देरी से विमान उड़ने की घोषणा कर रहे इंडिगो के पायलट के साथ विमान में मौजूद एक यात्री ने मारपीट की थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो गया।

साल 2023 में 78 फीसदी बढ़े उद्दंड हवाईयात्री

साल	नो-फ्लाई सूची के यात्रियों की संख्या
2019	0
2020	10
2021	66
2022	63
2023	108
कुल	247

स्रोतः नागर विमानन मंत्रालय

केनरा बैंक Canara Bank
Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय उत्तरी पीतमपुरा त्रिनगर (शाखा डीपी कोड 2024)
स्वर्ण नीलामी विक्रय सूचना

निम्नलिखित व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे ऋण खातों में निर्धारित देयता का भुगतान करने में विफल रहे हैं। उन्हें पंजीकृत डाक से भेजी गई सूचना बैंक के पास डिलीवर हुये बिना वापस लौट आयी है। इसलिए उनसे अनुरोध है कि वे देनदारी और अन्य शुल्कों का भुगतान करें और गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को 12.02.2024 को या इससे पूर्व ऋणमुक्त कर लें, ऐसा न करने पर उक्त प्रतिभूतियों को बैंक द्वारा 13.02.2024 को मध्या. 11.00 बजे अथवा इसके बाद किसी अन्य सुविधाजनक तिथि पर बिना किसी भावी सूचना के, बैंक के पूर्ण विवेक पर, बैंक के परिसरों में उधारकर्ता के व्यय पर सार्वजनिक नीलामी के अंतर्गत बेचा जाएगा।

क्र.सं.	ऋण की तिथि	ऋण संख्यायें :	उधारकर्ता का नाम एवं पता
1.	14–03–2023	125003663890	जाविद, मकान नंबर एम 101 गली सं. 4 सुंदर नगर । दिल्ली 110093

ध्यान दें : बकाया राशि में स्वर्ण ऋणों के साथ–साथ किसी अन्य ऋण/क्रेडिट सुविधा के अंतर्गत पार्टी की सभी देनदारियां सम्मिलित होनी चाहिये।

दिनांक : 06–02–2024 प्रबंधक

केनरा बैंक Canara Bank
Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय उत्तरी पीतमपुरा केशवपुरम (शाखा डीपी कोड 2016)
स्वर्ण नीलामी विक्रय सूचना

निम्नलिखित व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे ऋण खातों में निर्धारित देयता का भुगतान करने में विफल रहे हैं। उन्हें पंजीकृत डाक से भेजी गई सूचना बैंक के पास डिलीवर हुये बिना वापस लौट आयी है। इसलिए उनसे अनुरोध है कि वे देनदारी और अन्य शुल्कों का भुगतान करें और गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को 12.02.2024 को या इससे पूर्व ऋणमुक्त कर लें, ऐसा न करने पर उक्त प्रतिभूतियों को बैंक द्वारा 13.02.2024 को मध्या. 11.00 बजे अथवा इसके बाद किसी अन्य सुविधाजनक तिथि पर बिना किसी भावी सूचना के, बैंक के पूर्ण विवेक पर, बैंक के परिसरों में उधारकर्ता के व्यय पर सार्वजनिक नीलामी के अंतर्गत बेचा जाएगा।

क्र.सं.	ऋण की तिथि	ऋण संख्यायें :	उधारकर्ता का नाम एवं पता
1.	09–03–2022	184000916745	मोहम्मद जावेद, मकान नंबर 27 पॉकेट 30, ब्लॉक जी, युवा शक्ति पब्लिक स्कूल, सेक्टर 3, रोहिणी, दिल्ली 110085

ध्यान दें : बकाया राशि में स्वर्ण ऋणों के साथ–साथ किसी अन्य ऋण/क्रेडिट सुविधा के अंतर्गत पार्टी की सभी देनदारियां सम्मिलित होनी चाहिये।

दिनांक : 06–02–2024 प्रबंधक

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान
(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)
आईसीएआई भवन, इन्द्रप्रस्थ मार्ग, नई दिल्ली–110002

निविदा आमंत्रण सूचना

सीए छात्रों के लिए लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम

आईसीएआई दो चरण गुणवत्ता और लागत आधारित चयन (क्यूसीबीएस) बोली प्रणाली यानी "सीए छात्रों के लिए लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम" के लिए अनुभवी सेवा प्रदाताओं से तकनीकी बोली और वित्तीय बोली में बिना शर्त मुहरबंद प्रस्ताव आमंत्रित करता है। अधिक जानकारी के लिए, इच्छुक पार्टियां www.icai.org पर जा सकती हैं।

सचिव, आईसीएआई

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
Hamesha Aapke Liye

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग बड़ौदा सन टॉवर, मुंबई

निविदा सूचना

बैंक ऑफ़ बड़ौदा निम्नलिखित के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है:

क्रम सं.	निविदा का नाम	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख
1	शाखाओं / कार्यालयों में सिस्को नेटवर्क हार्डवेयर के एएमसी के लिए सेवा प्रदाता का चयन।	27.02.2024
2	शाखाओं / कार्यालयों में एंड्रॉइड आधारित टैबलेट की आपूर्ति, इन्स्टालेशन और रखरखाव के लिए वेंडर का चयन।	27.02.2024

विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in के निविदा खंड और गवर्नमेंट ई–मार्केट प्लेस (GeM) पोर्टल पर उपलब्ध है।
'अन्य सूचना', यदि कोई हो, को बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर निविदा खंड में जारी किया जाएगा। प्रस्ताव को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले बोलीकर्ता इसे अवश्य देख लें।

स्थान: मुंबई
दिनांक : 06.02.2024 मुख्य महाप्रबंधक (आईटी)

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक!
punjab national bank ...the name you can BANK upon!

शेयर विभाग, बोर्ड और समन्वय प्रभाग
प्लाट संख्या. 4, द्वारका सेक्टर 10, नई दिल्ली–110075
ई–मेल आईडीः hosd@pnb.co.in टेलीफोनः 011–28044857

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित बैंक का शेयर प्रमाण पत्र खोने/गुम/चोरी होने के रूप में रिपोर्ट किया गया है और इसके पंजीकृत धारकों/दावेदारों ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अनुरोध किया है:

क्रमांक	शेयरधारकों/दावेदारों का नाम	फोलियों संख्या	प्रमाण – पत्र संख्या	शेयरों की विशिष्ट संख्या	शेयरों की संख्या
1.	दुर्गेश	1113002	17479	6738470575–6738470689	115
2.	तिलक राम	1112833	17463	6738468735–6738468849	115
3.	खान शरीफ खान अली खान (मृतक) अब्दुल कादर शरीफ खान (दावेदार)	0102504	6605	5547491–5547990	500

किसी व्यक्ति द्वारा उक्त शेयरों के संबंध में कोई दावा/उपरोक्त उल्लिखित शेयरधारकों/दावेदारों के पक्ष में डुप्लिकेट प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में किसी भी आपत्ति के मामले में उसे/उन्हें इस सूचना के प्रकाशन तिथि के 15 दिन के भीतर अपने दावे या आपत्ति दर्ज करनी चाहिए। यदि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर, उक्त प्रमाण पत्र के संबंध में बैंक द्वारा कोई दावा प्राप्त नहीं किया जाता है तो डुप्लिकेट शेयर प्रमाण पत्र/पुष्टिकरण पत्र जारी किए जाएंगे। सामान्य जन को उपर्युक्त प्रमाण पत्र के साथ किसी भी तरह के लेन–देन से सावधान किया जाता है।

दिनांकः 05.02.2024
स्थानः नई दिल्ली

कृते पंजाब नैशनल बैंक
(एकता पसरीचा)
कंपनी सचिव

insecticides (INDIA) LIMITED
TRACTOR BRAND IIL

पंजीकृत कार्यालयः 401-402, लूसा टावर, आज़ादपुर कमर्शियल कॉम्प्लैक्स, दिल्ली-110 033; टेलीफैक्सः 011-27679700-05
वेबसाइटः www.insecticidesindia.com, इमेलः investor@insecticidesindia.com, CIN: L65991DL1996PLC083909

31 दिसम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही व नौ महीने के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का निष्कर्ष (₹ लाख में, ईपीएस के अतिरिक्त)

क्र. सं.	विवरण	एकल						समेकित					
		तिमाही की समाप्ति			नौ महीने की समाप्ति		वार्षिक समाप्ति	तिमाही की समाप्ति			नौ महीने की समाप्ति		वार्षिक समाप्ति
		31-12-23 (अलेखापरीक्षित)	30-09-23 (अलेखापरीक्षित)	31-12-22 (अलेखापरीक्षित)	31-12-23 (अलेखापरीक्षित)	31-12-22 (अलेखापरीक्षित)	31-03-23 (लेखापरीक्षित)	31-12-23 (अलेखापरीक्षित)	30-09-23 (अलेखापरीक्षित)	31-12-22 (अलेखापरीक्षित)	31-12-23 (अलेखापरीक्षित)	31-12-22 (अलेखापरीक्षित)	31-03-23 (लेखापरीक्षित)
1	परिचालन से कुल आय	35,917.71	69,581.41	35,690.66	1,69,883.19	1,50,028.30	1,80,259.24	35,916.15	69,581.41	35,690.66	1,69,881.63	1,50,028.30	1,80,259.24
2	कर अदायगी के पूर्व शुद्ध लाभ	1,704.13	7,189.90	1,241.74	12,842.95	12,263.44	8,360.71	1,707.45	7,175.04	1,244.91	12,842.45	12,314.63	8,382.91
3	कर अदायगी के पश्चात शुद्ध लाभ	1,227.37	5,324.15	933.39	9,454.63	9,199.57	6,298.75	1,230.69	5,315.32	936.56	9,460.16	9,250.76	6,321.12
4	अवधि के दौरान कुल समेकित आय [इस अवधि के लिए लाभ (कर के बाद) और अन्य समेकित आय (कर के बाद)]	1,238.27	5,201.93	890.43	9,493.90	9,308.34	6,327.55	1,241.41	5,193.45	894.27	9,498.91	9,361.37	6,353.03
5	पेड–अप इक्विटी शेयर पूँजी (वास्तविक मूल्य ₹10/- प्रति शेयर)	2,959.78	2,959.78	2,959.78	2,959.78	2,959.78	2,959.78	2,959.78	2,959.78	2,959.78	2,959.78	2,959.78	2,959.78
6	पिछले वित्तीय वर्ष के तुलना पत्र में प्रदर्शित लेखापरीक्षित आरक्षित निधि (पूनर्मूल्यन निधि के अतिरिक्त)	-	-	-	-	-	88,609.09	-	-	-	-	-	88,869.19
7	प्रति शेयर आय (वास्तविक मूल्य ₹10/- प्रति शेयर) (वार्षिक नहीं)												
	आधारभूत	4.14	17.99	3.15	31.94	31.08	21.28	4.16	17.95	3.16	31.96	31.25	21.36
	मिश्रित	4.14	17.99	3.15	31.94	31.08	21.28	4.16	17.95	3.16	31.96	31.25	21.36

नोटः

a) उपरोक्त अवतरण, सेबी (सूचीकरण बाध्यता और प्रगटीकरण आवश्यकताएँ) विनिमयन, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में 31 दिसंबर, 2023 के अंत में दाखिल तिमाही और नौ महीने की समाप्ति का अलेखापरीक्षित एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का सार है। एकल और समेकित वित्तीय परिणाम और व्याख्यात्मक टिप्पणियों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.insecticidesindia.com पर उपलब्ध है।

b) उपरोक्त वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानक (इंड एएस), कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के प्रावधानों के अनुसार तैयार किए गए हैं, जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी" द्वारा जारी दिशानिर्देश) के द्वारा लागू दिशानिर्देशों के अनुसार है। इंड–एएस कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 और उसके बाद के संशोधनों के तहत निर्धारित हैं।

c) कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी आईआईएल बायोलॉजिकल लिमिटेड ने 25 सितंबर 2023 को 82.00 लाख रुपये के इक्विटी शेयरों के राइट्स इश्यू को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

d) 30 जून, 2023 को समाप्त अवधि के दौरान समूह द्वारा पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी "आईआईएल ओवरसीज डीएमसीसी" (दुबई) को 01 मई, 2023 को शामिल किया गया था। पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी कीटनाशकों, कृषि और पशु चिकित्सा कीटनाशक उत्पादों के व्यापार का व्यवसाय चलाएगी।

निदेशक मण्डल के आदेशानुसार
इन्सेक्टिसाइड्स (इंडिया) लिमिटेड
ह–
(राजेश कुमार अग्रवाल)
प्रबंध निदेशक
DIN-00576872

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 05/02/2024